-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 19.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ साइबर अपराधों पर कार्यवाही करते हुए बांदा पुलिस द्वारा साइबर ठगी का शिकार हुए 03 व्यक्तियों के ₹ 2,38 लाख कराये गये वापस।

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से की जा रही कार्यवाही के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना व थाना बबेरु पुलिस की साइबर टीम द्वारा साइबर ठगी का शिकार हुए 03 व्यक्तियों के **₹ 238197**/ वापस कराये गये। साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा साइबर ठगी का शिकार हुए 02 व्यक्तियों के कुल 222497/ रुपये की धनराशि वापस कराई गयी जबकि थाना बबेरु की साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा 01 व्यक्ति की 15700/ रुपये की धनराशि वापस कराई गई।

साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा वापस कराई गई धनराशि के प्रकरण-

1- थाना जसपुरा क्षेत्र के रहने वाले अरविन्द कुमार द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि ऑनलाइन मार्केटिंग का झांसा देकर साइबर ठगों द्वारा धोखे से उसके खाते की जानकारी करके साइबर ठगी कर ली गई है। इस सम्बन्ध में साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीड़ित के 192498/ रुपये की धनराशि वापस कराई गई।

2- थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले कुलदीप द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि ऑनलाइन साइट पर सस्ते कपड़ों की खरीददारी के समय भेजे गये अंजान लिंक पर क्लिक करने की वजह से साइबर ठगों द्वारा उसके खाते से 37600/ रुपये की ठगी कर ली गई थी। इस सम्बन्ध में साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीड़ित की 29999/ रुपये की धनराशि वापस कराई गई। शेष धनराशि की रिकवरी के प्रयास किये जा रहे हैं।

साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम-

1. प्र0नि0 साइबर क्राइम पुलिस थाना श्री दीपेन्द्र सिंह
2. आरक्षी अंकित सिंह
3. महिला आरक्षी ज्योति उपाध्याय

थाना बबेरु साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा वापस कराई गई धनराशि के प्रकरण-

1- थाना बबेरु क्षेत्र के कस्बा बबेरु के रहने वाले शिवम त्रिपाठी पुत्र मोहन द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि जॉब दिलाने के नाम पर पेटीएम के माध्यम से उसके साथ 15700/ रुपये की साइबर ठगी कर ली गई है। इस सम्बन्ध में थाना बबेरु साइबर टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीड़ित की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराई गई।

थाना बबेरु साइबर टीम-

1. प्र0नि0 बबेरु श्री बलराम सिंह
2. चौकी प्रभारी कस्बा बबेरु श्री कौशल सिंह
3. उ0नि0 श्री सैफ अहमद अहमद अंसारी
4. क0ऑ0 देवेन्द्र यादव
5. कां0 विवेकानन्द सिंह

सभी से अपील है कि पिन, ओटीपी आदि किसी से शेयर न करें तथा किसी अनजान लिंक को ओपेन न करें। यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो इसकी शिकायत तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में करें।